## संक्षिप्त

### अंबेडकर जयंती 14 को

**दौसा।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में 14 अप्रैल को प्रात:11 बजे कांग्रेस कार्यालय में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामजीलाल ओड की अध्यक्षता में संगठन बढ़ाओ, लोकतंत्र बचाओ विषय पर बैठक का आयोजन भी किया जाएगा। जिला प्रवक्ता मुकेश राणा ने बताया कि बैठक में सांसद, विधायक, पूर्व विधयाक सहित जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, विभिन्न प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष एवं उनकी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का आमंत्रित किया गया है।

### पूनम का वाणिज्य व्याख्याता पद पर चयन

**पावटा।** क्षेत्र के गांव ललाना निवासी पूर्व प्रधानाचार्य महेश बालक शर्मा की पुत्री पूनम शर्मा का व्याख्याता (वाणिज्य) पद पर चयन होने से परिवार सहित पूरे गांव में खुशी का माहौल है। पूनम शर्मा वर्तमान में थर्ड ग्रेड अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिजनों, रिश्तेदारों एवं ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। पूनम शर्मा का इससे पूर्व भी ग्राम विकास अधिकारी एवं पटवारी पद पर चयन हो चुका है, जिससे उनकी प्रतिभा और मेहनत का परिचय मिलता है। शुरुआत से ही मेधावी छात्रा रही पूनम ने निरंतर परिश्रम और लगन से यह सफलता हासिल की है। उनके पति भी वर्तमान में महिला अधिकारिता विभाग में सहायक निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। इस उपलब्धि पर ब्राह्मण महासभा पावटा तहसील अध्यक्ष राजेश शर्मा, नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा सहित समाज के कई गणमान्य लोगों ने पूनम शर्मा को प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि उनकी सफलता से क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

### पुष्पा शर्मा को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

**टोंक।** टोंक निवासी पुष्पा शर्मा ने अपनी शैक्षिक योग्यता में आज एक और सितारा जड़ लिया, उन्हें ज्योती विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय जयपुर द्वारा लॉ में शोध कार्य पूर्ण होने पर डॉक्टरेट(पीएचडी) की उपाधि दी गयी। पुष्पा शर्मा ने क्रिमिनलिटी इन सोसाइटी काउंटर टू वूमेन रू एन एम्पीरिकल स्टडी विषय पर शोध निर्देशक प्रोफेसर डॉ. बीना दीवान के निर्देशन में अपना शोध कार्य पूर्ण किया।

# मानव सेवा के लिए पुनीत कार्यों में सहभागी बनें : अविनाश गहलोत

**भरतपुर।** अपना घर आश्रम, भरतपुर में रविवार को एक ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें चार नवीन भवनों का लोकार्पण, बालिका सदन का भूमि पूजन तथा राष्ट्रीय, आश्रम एवं गौशाला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम ने सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरणादायक संदेश दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने अपने संबोधन में कहा कि यह वह पावन परिसर है, जहाँ उन दीन-दुखियों को आश्रय मिलता है, जिनका इस दुनिया में कोई नहीं होता। उन्होंने समाज में सेवा और संस्कारों के महत्व पर बल देते हुए कहा कि तकनीकी प्रगति के साथ-साथ हमें अपने बुजुर्गों के सम्मान और सेवा की भावना को बनाए रखना चाहिए तथा मानव सेवा के पुनीत कार्यों में सहभागी बनना चाहिए। उन्होंने प्रेरणादायक उदाहरण देते हुए महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले, डॉ. भीमराव अम्बेडकर एवं रमाबाई अम्बेडकर के जीवन का उल्लेख किया

**अपना घर आश्रम, भरतपुर में लोकार्पण, शिलान्यास एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ।**

और कहा कि जैसे उन्होंने समाज सेवा में एक-दूसरे का साथ दिया, उसी प्रकार डॉ. बी.एम. भारद्वाज एवं डॉ. माधुरी भारद्वाज समाज सेवा के इस कार्य में एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत ने कहा कि यहां आकर दीन-हीन लोगों की सेवा को देखकर मन को अपार शांति मिलती है, मानो ईश्वर के साक्षात दर्शन हो रहे हों। उन्होंने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है।विशिष्ट अतिथि विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इतनी विशाल संस्था का संचालन अपने आप में अद्भुत है। यहां होने वाले कार्य वास्तव में ईश्वर की कृपा का परिणाम हैं और यह संस्था भविष्य में विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाएगी।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा, सत्येंद्र गोयल, देवेंद्र चौहान, विष्णु सैनी सहित देशभर के विभिन्न आश्रमों से आए पदाधिकारियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को राष्ट्रीय

- **आश्रम में टीबी वार्ड में 80 से अधिक एवं एचआईवी वार्ड में लगभग 90 प्रभुजनों को स्थानांतरित कर सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई**

स्वरूप प्रदान किया। लगभग 60,000 वर्गफुट क्षेत्रफल में निर्मित चार भवनों पर करीब 7 करोड़ रुपये की लागत आई है, जो पूर्णत: जनसहयोग से तैयार किए गए हैं। नव-निर्मित आशियाना भवन में युवा एवं बाल गोपाल प्रभुजनों के लिए आवासीय व्यवस्था की गई है। आश्रम में टीबी वार्ड में 80 से अधिक एवं एचआईवी वार्ड में लगभग 90 प्रभुजनों को स्थानांतरित कर सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। पूर्व में सीमित 50-50 बेड की व्यवस्था के कारण होने वाली समस्याओं का अब समाधान हो गया है। कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 15,000 वर्गफुट क्षेत्रफल में बनने वाले बालिका सदन का भूमि पूजन भी किया गया।

## केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जिले के प्रत्येक बूथ और घर तक पहुँचाना है :अशोक गुप्ता

**अलवर।** भारतीय जनता पार्टी जिला अलवर (दक्षिण) की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता की अध्यक्षता में अंबेडकर नगर स्थित जिला कार्यालय पर आयोजित की गई।

बैठक में जिले के सभी प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे, जहाँ आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तैयार करने के साथ-साथ पूर्व में संपन्न हुए कार्यों की गहन समीक्षा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा, भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि अंत्योदय के संकल्प को समर्पित एक परिवार है। हमारे कार्यकर्ताओं की मेहनत का ही परिणाम है कि संगठन के पिछले सभी अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुए हैं। आगामी समय में हमें केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जिले के प्रत्येक बूथ और प्रत्येक घर तक पहुँचाना है। अशोक गुप्ता ने आगे कहा, संगठन की शक्ति उसके सक्रिय कार्यकर्ताओं में निहित है। भारत रतन बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सेवा, स्वच्छता एवं संगोष्ठी तथा ग्राम सेवा बस्ती सहित आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय कर ली गई है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रशिक्षण

**आम सूचना** सर्व साधारण को सुचित किया जाता है, कि म.नं. 767 दगड़े वाली मस्जिद के पास, मोहल्ला बिसातियान, चौकडी घाट दरवाजा जयपुर का जुबानी बँटवारा के बाद पारिवारिक समझौता-पत्र 03.03.2012 को लिखा गया है। इसके तहत स्व. श्री रियाजुद्दीन पुत्र स्व. श्री अजीजुद्दीन के हिस्से की सम्पत्ति नईमुद्दीन पुत्र स्व. अजीजुद्दीन खरीदने को तैयार है, हकशफा है। इनामुद्दीन पुत्र स्व. रियाजुद्दीन से या उसके मुखत्यार से/नहीं खरीदें। अन्यथा स्वयम् जिम्मेवार होगा।
जयपुर (फराज हुसैन एडवोकेट)
दिनांक-12/4/26 मो.नं:-9929797865

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्य श्रीमती सरोज देवी पत्नी श्री हरिराम निवासी प्लॉट नंबर 268 फतेहपुर थीमोली सीकर, के द्वारा एक प्लॉट नंबर डी -14, का साउथ पार्ट, विद्युत नगर डी, क्वींस रोड, अजमेर रोड जयपुर, जो की 130 वर्ग गज का है, श्रीमती ट्विंकल झा पत्नी श्री विकास शर्मा निवासी प्लॉट नंबर डी- 14 विद्युत नगर डी, क्वींस रोड जयपुर से क्रय किया जा रहा है। यह कि उक्त प्लाट के संबंध में किसी भी प्रकार के न्यायिक, अर्ध न्यायिक वाद विवाद, यदि लंबित हो तो मेरी अभिभाष्य से उनके मोबाइल नंबर 9928549660 पर तुरंत 7 दिवस में संपर्क करें । अतः सूचित रहे ।
संदीप भगवती एडवोकेट
मोबाइल नंबर 9829586024

**NAME CHANGE**
I HAVE CHANGED MY OLD NAME FROM CHANDRA SHEKHAR TO NEW NAME CHANDRA SHEKHAR SUROLIA & I WILL BE KNOWN AS NEW NAME WHICH PLEASE NOTE SD- CHANDRA SHEKHAR SUROLIA ADDRESS : S/O RAVI SUROLIA, SCHOOL KI DHANI, KACHRODA, TEHSIL PHULERA, DIST. JAIPUR, RAJASTHAN - 303338

(आदेश 05 रूल 20 (1क) प्रतिस्थापित तामील)
**अज अदालत श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय स्थान पावटा**
**सांवलराम विरूद्ध भागीरथ वगै.**
वाद बाबत स्थाई निषेधाज्ञा
मुकदमा नम्बर 50 सन् 25
टी.आई नम्बर 39 सन् 25
बनाम :-
1. सुमीत्रा पुत्री प्रभात, जाति जाट, निवासी कल्याणपुरा तहसील पावटा जिला कोटपूतली-बहरोड़ राजस्थान । वादी ने आपके विरुद्ध स्थाई निषेधाज्ञा के लिए बाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 15 माह 04 सन 2026 को दिन में 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसजात (हाजिर) होने के लिए वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हों और जो इस बाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे तब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल / सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिक्षा या मुजराई के दावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह बाद ता. 16 माह 03 सन् 2026 है। सन को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया।
मोहर अदालत
उपखण्ड अधिकारी
पावटा (कोटपूतली-बहरोड)

### अज्ञात वाहन की टक्कर से 75 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**पावटा।** दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 पर पावटा कस्बा स्थित अस्थाई जयपुर बस स्टैंड पर सड़क पार करते समय एक दर्दनाक हादसे में 75 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए व्यक्ति ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार प्रागपुरा थाना पुलिस एसआई सूबे सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति हाईवे पार कर रहा था, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल को तुरंत उपजिला अस्पताल पावटा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान घीसाराम (75) निवासी थाना सरुंड क्षेत्र के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है तथा अज्ञात वाहन की तलाश जारी है। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के बाद मौके पर एम्बुलेंस समय पर नहीं पहुंची, जिसके चलते पुलिस वाहन की मदद से ही घायल को अस्पताल पहुंचाया गया।

## लखपति दीदी संवाद कार्यक्रम में महिलाओं के सशक्तिकरण पर विचार विमर्श

**भरतपुर।** राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) द्वारा रविवार को अटल सेवा केन्द्र में वीसी के माध्यम से लखपति दीदी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने भरतपुर, डूंगरपुर सहित विभिन्न जिलों की लखपति दीदियों से संवाद कर उनके जीवन के प्रारंभिक चरण में आई आर्थिक एवं सामाजिक चुनौतियों को विस्तार से सुना।

मुख्य सचिव ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं राजीविका के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर, कौशल-प्रशिक्षित एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा महिलाओं को रोजगार के अवसर, बैंक ऋण की सुविधा तथा उत्पादों के विपणन में व्यापक सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

संवाद कार्यक्रम के दौरान रूपवास उपखंड क्षेत्र के खानवां निवासी

- **कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने भरतपुर, डूंगरपुर सहित विभिन्न जिलों की लखपति दीदियों से संवाद कर उनके जीवन के प्रारंभिक चरण में आई आर्थिक एवं सामाजिक चुनौतियों को विस्तार से सुना**

लखपति दीदी बृजेश भार्गव ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि प्रारंभिक दौर में उन्हें आर्थिक कमजोरी और सामाजिक बंधनों जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

उन्होंने बताया कि परिवार एवं राजीविका के सहयोग से वर्ष 2015 में 'जयशिव शंकर महिला समूह' का गठन कर राजीविका से जुडी और अपना काम शुरू किया ,जिससे वर्तमान में लगभग 30 से 40 महिलाएं जुड़ी हुई हैं और अपने परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान कर रही हैं।

उन्होंने जानकारी दी कि स्वयं सहायता समूह की महिलाएं जूट से विभिन्न प्रकार के आकर्षक, टिकाऊ एवं पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद जैसे दरी, बैग, थैले, मैट, आसन, सजावटी वस्तुएं, फाइल फोल्डर, चप्पलें एवं अन्य घरेलू उपयोग की सामग्री तैयार कर रही हैं। इन उत्पादों के माध्यम से महिलाएं न केवल आत्मनिर्भर बन रही हैं, बल्कि आर्थिक रूप से सशक्त भी हो रही हैं। इनके द्वारा प्रतिवर्ष लगभग 8-10 लाख रुपये तक की आय अर्जित की जा रही है। साथ ही अधिकाधिक महिलाओं को जोड़कर उन्हें लखपति दीदी बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर राजीविका जिला परियोजना प्रबंधक भारती भारद्वाज, अविनाश यादव, अनीता नीरज, दीपिका, भूदेई, देवेंद्र सिंह, विवेक जैन सहित अनेक लखपति दीदियां उपस्थित रहीं।

### 'संविधान को जानें' क्विज का आयोजन

**दौसा ।** पंडित नवलकिशोर शर्मा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन परिचय एवं संविधान जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत "संविधान को जाने" शीर्षक पर ऑनलाईन क्विज प्रतियोगिता का शुभांरभ प्राचार्य डॉ. लालाराम मीना की अध्यक्षता में किया गया।

### एचपी पेट्रोल पंप का हुआ भव्य उद्घाटन

**पावटा।** क्षेत्र के बागावास अहिरान बनीपार्क में नए एचपी पेट्रोल पंप राधे फ्यूल सेंटर का उद्घाटन मंगलदास महाराज के सान्निध्य में समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विराटनगर उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय व आमेर उपखंड अधिकारी बजरंग लाल स्वामी रहे, जिन्होंने फीता काटकर पेट्रोल पंप का विधिवत शुभारंभ किया। उद्घाटन के दौरान उपखंड अधिकारी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पेट्रोल पंप परिसर में पौधारोपण भी किया।

उन्होंने कहा कि विकास के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। नए पेट्रोल पंप के शुरू होने से क्षेत्र के वाहन चालकों को बड़ी राहत मिलेगी। अब उन्हें ईंधन भरवाने के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा।

**सार्वजनिक सूचना**
इसके द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि प्रिंटफ्रेश एलएलसी, फिलाडेल्फिया, पेंसिल्वेनिया, संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थित एक कंपनी (जिसे आगे "हमारा ग्राहक" कहा जाएगा), "बधीरा" नामक मूल कलाकृति (जैसा कि नीचे दर्शाया गया है) (जिसे आगे "संरक्षित कृति" कहा जाएगा ) की एकमात्र और अनन्य स्वामी है ।

संरक्षित कृति हमारे ग्राहक द्वारा विकसित एक मौलिक कलात्मक रचना है और यह संयुक्त राज्य अमेरिका के कॉपीराइट कार्यालय में पंजीकरण संख्या VA 2-183-396 के तहत विधिवत पंजीकृत है, जिसकी प्रभावी तिथि 23 अक्टूबर, 2019 है। पंजीकरण और कॉपीराइट कानूनों के लागू प्रावधानों के आधार पर, हमारे ग्राहक के पास संरक्षित कृति पर अनन्य अधिकार, स्वामित्व और हित हैं, जिसमें वाणिज्यिक उपयोग का अनन्य अधिकार, पुनरुत्पादन, प्रकाशन, अनुकूलन, वितरण, शोषण और किसी भी रूप या माध्यम में तीसरे पक्ष द्वारा आगे उपयोग को अधिकृत करने का अनन्य अधिकार शामिल है। संरक्षित कृति को हमारे ग्राहक द्वारा किसी भी कपड़े, वस्त्र, परिधान, सामग्री या किसी अन्य उत्पाद पर पुनरुत्पादन, नकल, मुद्रण, अनुकूलन या अनुप्रयोग के लिए लाइसेंस, आवंटन, अधिकृत या अन्यथा अनुमति नहीं दी गई है, चाहे वह हमारे ग्राहक द्वारा स्पष्ट रूप से या अन्यथा निर्मित किया गया हो। इसलिए, कोई भी व्यक्ति या संस्था जो हमारे ग्राहक की पूर्व लिखित सहमति के बिना "संरक्षित कृति" के उपयोग या चित्रण, या उसके किसी मिलते-जुलते या पर्याप्त रूप से पुनरुत्पादित उत्पाद का पुनरुत्पादन, नकल, अनुकरण, अनुकूलन, निर्माण, विपणन, वितरण या बिक्री करती है, वह हमारे ग्राहक के कानूनी अधिकारों का उल्लंघन करेगी और ऐसा पुनरुत्पादन अपने स्वयं के जोखिम, लागत और परिणामों के लिए करेगी। हमारे ग्राहक के पास भारत में "संरक्षित कृति" और उसके किसी भी उल्लंघन के संबंध में सभी अधिकार सुरक्षित हैं, जिनमें किसी भी ज्ञात या अज्ञात पक्ष के विरुद्ध उचित दीवानी और / या आपराधिक कार्यवाही शुरू करने का अधिकार शामिल है। यह सूचना हमारे ग्राहक द्वारा अधिकारों की घोषणा के रूप में और जनता को "संरक्षित कृति" में हमारे ग्राहक के स्वामित्व अधिकारों के किसी भी उल्लंघन में शामिल होने से आगाह करने के लिए जारी की जा रही है।
**जारीकर्ता:**
सूरी एंड कंपनी, लॉ फर्म,
फ्लैट नंबर 10 और 12.
गोल्फ अपार्टमेंट्स,
सूजान सिंह पार्क, नई दिल्ली-110003
स्थान : जयपुर, राजस्थान
दिनांक : 13/04/2026

**खोया पाया**

मेरे 265/452, सेक्टर 26, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर - 302033 के प्रॉपर्टी रजिस्ट्री, नक्शा (ब्लूप्रिंट), अलॉटमेंट लेटर आदि महत्वपूर्ण दस्तावेज कहीं खो गए है। मिलने पर कृपया सूचित करें। माया देवी, 8952915901

मेरे प्लॉट नंबर 85 गायत्री नगर ,अजमेर रोड, सोडाला, जयपुर के मूल दस्तावेज, साइड प्लान, रसीद जो नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति द्वारा जारी किए गये थे व अन्य कागजात एक काले रंग की थैली में थे कहीं खोगए मिले तो सूचित करें: श्रीमती राम कंवर धर्मपत्नी स्वर्गीय बंशीसिंह 9610955006

मेरा मकान संख्या 250/70 प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर का ओरिजन संशोधित आवंटन पत्र एवं डिक्लेरशन सर्टिफिकेट मुझसे कही गुम हो गई है मिलने पर सूचित करें जगदीश चन्द लढढा मो.न. 9119112403

# सड़क के सुदृढ़ीकरण से विकास की नई संभावनाएं खुलेंगी'

**अलवर।** गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने रविवार को खेडली में 40 करोड रुपए की लागत से हलैना से बड़ौदामेव तक वृहत् जिला सडक़ के सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ाईकरण कार्यों का शिलान्यास किया, इस दौरान कठूमर विधायक रमेश खींची मौजूद रहे। गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि हलैना से बड़ौदामेव तक वृहत् जिला सडक़ क्षेत्र की प्रगति, व्यापारिक गतिविधियों के विस्तार और आमजन के जीवन को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बीच संपर्क और अधिक सुदृढ़ होगा तथा विकास की नई संभावनाएँ साकार होंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के समग्र और संतुलित विकास के लिए हमारी सरकार संकल्पित है और इसी दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

कठूमर विधायक रमेश खींची की कठूमर क्षेत्र में रामसेतु योजना के तहत व खेरली क्षेत्र में चंबल का पानी उपलब्ध

**गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने खेडली में हलैना से बड़ौदामेव तक सड़क का शिलान्यास किया।**

कराने की मांग उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को इससे अवगत कराकर इसका सकारात्मक रूप से समाधान कराने का प्रयास करेंगे। कठूमर विधायक रमेश खींची ने राज्य व केंद्र सरकार द्वारा कठूमर क्षेत्र में कराए जा रहे ह चहूँमुखी विकास के बारे में विस्तार से अवगत कराया।मंच संचालन गोपेश भारद्वाज व नरेंद्र गुप्ता ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में निम्नलिखित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला ऐतिहासिक कलंक की समाप्ति और दृढ़ संकल्प आजादी के बाद से ही भारत की मातृ शक्ति अपने उचित प्रतिनिधित्व के लिए संघर्ष कर रही थी।

## 'भगवान को मंदिर में ही नहीं पूजें बल्कि अपने आचरण में भी उतारें'

**निवाई।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आचार्य इन्द्रनन्दी महाराज, मुनि उतकृष्टनन्दी महाराज व मुनि नाभिनन्दी महाराज के सानिध्य में श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मंदिर सहित सभी जैन जिनालयों में जैन धर्म के बीसवें तीर्थंकर भगवान मुनिसुव्रतनाथ के जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव पर कई धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

मीडिया प्रभारी सुनील भाणजा व हितेश छाबड़ा ने बताया कि भगवान मुनिसुव्रतनाथ के जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव पर प्रातकाल श्रद्धालुओं ने भगवान अभिषेक, पंचामृत अभिषेक, शान्तिधारा व पूजा-अर्चना की। इस दौरान भक्तामर स्तोत्र पाठ का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान मुनिसुव्रतनाथ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। इसके बाद मंत्रोच्चार द्वारा संगीतमय भक्तामर पाठ का शुभारंभ किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति नृत्य किए। उन्होंने बताया कि संगीतमय भक्तामर पाठ अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने 48 काव्यों की प्रस्तुति देकर भगवान मुनिसुब्रतनाथ के समक्ष 48 दीपकों से महा अर्चना की। इस दौरान भगवान के जन्म एवं तप महोत्सव पर सभी श्रद्धालुओं ने भगवान मुनिसुव्रतनाथ की महाआरती उतारी। इस अवसर पर आचार्यश्री ने कहा कि तीर्थंकरों का जन्म कल्याण हमे अपने भीतर के परमात्मा को जगाने और मोक्ष मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। भगवान को केवल मंदिर में नहीं पूजे बल्कि अपने आचरण में भी उतारना चाहिए। भगवान पत्थर की मूर्ति में ही नहीं बल्कि हर व्यक्ति क भीतर विराजमान है। भगवान को पाने के लिए प्रेम की ओर भाव की अभिव्यक्ति करनी पड़ती है तब जाकर संसार में सुखों की प्राप्ती होती है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कोटखावदा पंचायत समिति कोटखावदा**
क्रमांकः- ग्रा.पं./टेण्डर/2025-26/36 दिनांक :- 11/04/2026
**खुली बोली सूचना-12/2026-27**
ग्राम पंचायत कोटखावदा में वित्तीय वर्ष 2026-27 में विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत निर्माण एवं साफ सफाई कार्यो को सम्पादित करानें हेतु राजस्थान पंचायतीराज अधीनियम 1996 के नियम 181 के अन्तर्गत पंचायती राज विभाग/जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग / सार्वजनिक निर्माण विभाग / जन संसाधन विभाग / नगर निगम एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों से निर्धारित सीलबन्द लिफाफे में खुली बोली आमंत्रित की जाती है। बोली शुल्क, अमानत / धरोहर राशि, प्रोसेसिंग फीस व बोली विशिष्ठियां का सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB No. - KHW2627A0001 एवं KHW2627A0002
UBN No. - KHW2627WSRC00001 एवं KHW2627WSRC00002
प्रशासक (घनश्याम शर्मा) ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कोटखावदा ग्राम पंचायत कोटखावदा
पं.स. कोटखावदा (जयपुर) पं.स. कोटखावदा (जयपुर)

**तीये की बैठक**



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि श्री ठा. सा. रणजीत सिंह जी की धर्मपत्नी **श्रीमती रतन कंवर** का स्वर्गवास शनिवार 11.04.2026 का हो गया है। जिनकी तीये की बैठक 13.04.2026 को सायं 4:00 से 5:00 तक हमारे निज निवास प्लाट नंबर 57, लक्ष्मी नगर सोडाला पर होगी।
**शोकाकुल-** ठा. सा. मोहन सिंह, ठा. सा. बजरंग सिंह, ठा. सा. रणजीत सिंह, पूरण सिंह, महेंद्र सिंह।

**नम्बर मिलाइए 9587884433**

**सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।**

# 'आरक्षण से महिलाओं का बढ़ेगा सम्मान और भागीदारी'

**टोंक।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अलका सिंह गुर्जर द्वारा नारी शक्ति वंदन को लेकर रविवार को मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय पर प्रेस वार्ता आयोजित की गई।

इस मौके पर अल्का गुर्जर ने कहा कि नारी सिर्फ विकास की लाभार्थी ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की सारथी बन चुकी है, नारी शक्ति वंदन अधिनियम ने देश की आधी आबादी को वो अधिकार दिलाया जो दशकों से लंबित था। आगे बताया कि लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण, और इसमें एससी एसटी महिलाओं को भी समान भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

उन्होंने कहा कि जब तक बेटियां राजनीतिक निर्णयों की सूत्रधार नहीं बनेंगी, तब तक विकास की यह गाथा अधूरी रहेगी, महिलाएं ही वो धुरी हैं, जिनके नेतृत्व में एक समृद्ध, सशक्त और विकसित भारत का निर्माण होगा। जहां एक ओर 2014 से पहले महिलाओं को बोलने का मौका नहीं

**भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अलका सिंह गुर्जर द्वारा नारी शक्ति वंदन को लेकर रविवार को मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय पर प्रेस वार्ता आयोजित की।**

मिलता था, और उन्हें सिर्फ सुनना पड़ता था लेकिन 2014 के बाद महिलाएं खुलकर अपनी बात रखने लगीं और महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शौचालय के निर्माण जैसे जरूरी फैसलों में हिस्सा लेने लगी हैं और यह बदलाव आया है मोदी जी के महिला सशक्तिकरण अभियान के कारण, आधी आबादी को लंबे समय तक पूरा सम्मान नहीं मिला तथा आजादी के बाद की सरकारों ने उनकी भागीदारी को भी नजरअंदाज किया।

अब मोदी सरकार ने उन्हें सशक्त बनाया है, हर क्षेत्र में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की है और नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिए उन्हें बराबर का अधिकार दिया है।

उन्होंने कहा कि अब महिलाएं सिर्फ घर तक सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि देश चलाने में भी अग्रणी भूमिका निभाएंगी, कानून और नीतियां बनाने में बराबर की भागीदार होंगी।

दशा तय करने में सशक्त भागीदारी निभाएंगी, नारी शक्ति वंदन सिर्फ एक कानून नहीं, बल्कि हर भारतीय महिला के आत्मसम्मान और नीति-निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी का प्रमाण है।

प्रपत्र संख्या INC-26
( कंपनियाँ (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसार )
TREPECHY JEWELS PRIVATE LIMITED ("कंपनी") के पंजीकृत कार्यालय को राजस्थान से महाराष्ट्र स्थानांतरित करने हेतु समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाने वाला विज्ञापन
केंद्रीय सरकार के समक्ष क्षेत्रीय निदेशक को प्रदत शक्तियों उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र, अहमदाबाद, गुजरात
**विषय में:** कंपनियां अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) तथा कंपनियाँ (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उप-नियम (5) के खंड (a) के अंतर्गत **और विषय में:** TREPECHY JEWELS PRIVATE LIMITED (CIN No: U36911RJ1984PTC002962), एक कंपनी जो कंपनियां अधिनियम, 1956 के अंतर्गत पंजीकृत है तथा जिसका पंजीकृत कार्यालय 4, देवी पथ, कनोता बाग, जयपुर, राजस्थान, 302004 पर स्थित है आवेदक कंपनी/याचिकाकर्ता...... यह जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि कंपनी, कंपनियां अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अंतर्गत, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र, अहमदाबाद के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करने का प्रस्ताव रखती है, जिसमें कंपनी के ज्ञापन संघ (Memorandum of Association) के खंड II (स्थिति खंड) में संशोधन की पुष्टि प्राप्त करने का अनुरोध किया जाएगा, जैसा कि कंपनी की असाधारण सामान्य बैठक में, जो कि शुक्रवार, 10 अप्रैल, 2026 को इसके पंजीकृत कार्यालय में आयोजित हुई, पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार किया गया है, ताकि कंपनी अपने पंजीकृत कार्यालय को 'राज्य राजस्थान' से 'राज्य महाराष्ट्र' में स्थानांतरित कर सके। कोई भी व्यक्ति जिसके हित इस प्रस्तावित पंजीकृत कार्यालय परिवर्तन से प्रभावित हो सकते है, वह MCA-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर निवेशक शिकायत प्रपत्र दाखिल कर या पंजीकृत डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से, अपने हित की प्रकृति तथा आपत्ति के आधार को शपथपत्र सहित क्षेत्रीय निदेशक, उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र, निम्न पते पर भेज सकता है: ROC भवन, रुपाल पार्क सोसायटी के सामने, अंकुर बस स्टॉप के पीछे, नारनपुरा, अहमदाबाद-380013, गुजरात, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर, तथा इसकी एक प्रति आवेदक कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के निम्न पते पर भी प्रेषित करनी होगी: 4, देवी पथ, कनोता बाग, जयपुर, राजस्थान, 302004
SD/-
TREPECHY JEWELS PRIVATE LIMITED की ओर से और उसके पक्ष में
सुश्री मेघना राजीव हीरावत
दिनांक: 13 अप्रैल, 2026 । स्थान: जयपुर
निदेशक (DIN: 01772192)

**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT BIHAR P.S. PATAN (SIKAR)**
S.NO.-10 DATE: 09.04.2026
**Notice Inviting Bid**
Bid for Rate contract works undar Other Scheme are invited from intersted bidders upto Date 21.04.2026, 01:00 AM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in&http://eproc.raj.nic.in) of the state. The approximate value of work is maximum RS: 1417000/-
**UBN No.PKP2627WSOB00010-11**
**PRASHASHAK** **VDO**
**G.P. BIHAR** **G.P. BIHAR**